# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

विज्ञापन क्रमांक/एनएचएम/सं.नि./2025/4411 — महासमुन्द, दिनॉक : 11/11/2025

## ''संविदा भर्ती विज्ञापन''

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिले हेतु स्वीकृत पदों के आधार पर नवीन स्वीकृत पद एवं पदत्याग के कारण हुए रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। जिस हेतु रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी/आवेदक रजिस्ट्री/डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन दिनांक 12.11.2025 से 28.11.2025 साय 05:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। तथा अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किया जावेंगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैं:–

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | | **Essential Qualification** |
| 1 | MO -Ayush (RBSK) | 25000 | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - | 2 | BHMS/BAMS/BUMS Degree<br>Registration from any GOI Reconised (BHMS/BAMS/BUMS) Ayush,Homeo., Unani Registration Board. |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** |
| 2 | Dental Surgeons | 27500 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | MDS with registration in Chhattisgarh medical counsil is compulsory.<br>OR<br>BDS with registration in Chhattisgarh Medical Counsil is compulsory.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** |
| 3 | RMA | 22000 | - | - | - | - | - | - | 2 | 1 | 3 | Practitioner in Modern and Holistic Medicine (PMHM) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण तथा छत्तीसगढ़ चिकित्सा मण्डल द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 4 | Block Manager-Data | 21000 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | Graduate (55%) & PGDCA<br>OR<br>BCA (55%) |
| 5 | Pharmacists (RBSK) | 16500 | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | 2 | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration council. |
| 6 | ANM (RBSK) | 12000 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration Council. |
| 7 | Physiotherapist | 18000 | 1 | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 3 | Bachelor's Degree in Physioterapy(B.P.T) And Live Registration in Chhattisgarh Physiotherapy & Occupationaltherapy Council. |
| 8 | Nursing Officer | 16500 | - | 1 (दिव्यांग) (OL) | - | - | - | - | - | 1 | 2 | BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live registration in C.G Nurses Registration Council |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** |
| 9 | Laboratory Technician (BPHU) | 14000 | 1 (दिव्यांग) (OL/HH) | - | - | - | 1 | - | 1 | - | 3 | DMLT/BMLT/पैथालाजी में पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण एवं पैरामेडिकल कौसिल में अनिवार्य पंजीयन |
| 10 | Secretarial Assistant - (NMHP) | 13650 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लिकेशन। |
| 11 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 12000 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 2 | 12th passed with at least one year diploma in computer applications |
| 12 | Psychologist-Clinical | 31500 | 1 | 1 | 1 | - | 1 | - | 1 | - | 5 | एम.फिल साईकोलॉजी यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी./एम.ए.साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता एवं जिलों में एम.फिल. साईकोलॉजी अभ्यर्थी नही मिलने की दशा में एम.एस.सी./एम.ए.साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जावेगा। |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** |
| 13 | Commnuity Health Officer | 16500 | 10 ( 1 दिव्यांग) (OL) | 4 (1 दिव्यांग) (OL) | 3 | 1 | 2 | 1 ( दिव्यांग) (OL) | 5 | 3 (1दिव्यांग) (OL) | 29 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी.नर्सिंग पाठ्यक्रम (BSc. Nursing Certificate in Community Health Integreted Course) उत्तीर्ण।<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित कोर्स बेसिक बी.एस.सी.नर्सिंग पाठ्यक्रम(Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ नर्सिंग कांउसिल में जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा। |
| 14 | Staff Nurse (NBSU) | 16500 | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 2 | BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live registration in C.G Nurses Registration Council |
| 15 | Staff Nurse (SNCU) | 16500 | 1 | - | 1 | - | 1 | - | - | 1 | 4 | BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live registration in C.G Nurses Registration Council |
| 16 | Radiographer | 15000 | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - | 2 | 1. 10+2 पद्धति में 12 वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. क्ष–किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>3. छ.ग.पैरामेडिकल कांउसिल से रेडियोग्राफर/क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए। |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | कुल रिक्त | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** |
| 17 | ANM (NUHM) | 12000 | - | 1 | - | 1 | - | - | - | - | 2 | 12th passed, ANM Passed & INC affilited training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration Council. |
| 18 | Staff Nurse (UHWC) | 16500 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 01. B.Sc Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing.<br>02. General Nursing and Midwifery (GNM).<br>With CG Nursing Council registration<br>**(Final Merit list prepared on the basis of order of priority. like 1 & 2 )** |
| 19 | Jr. Secretarial Assistant-(Block Level) | 12000 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma |
| 20 | Jr. Secretarial Assistant-(UHWC) | 12000 | 2 | - | 1 | - | 1 | - | - | - | 4 | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma |
| 21 | Class 4 (UHWC) | 10000 | 2 | - | - | - | - | - | 1 | - | 3 | 10th Passed |
| कुल योग | | | | | | | | | | | 74 | |

नोट :– भर्ती के संबध में सामान्य शर्ते दिशानिर्देश, एवं आवेदन फार्म का प्रारूप आदि की विस्तृत जानकारी महासमुन्द जिले की वेब साईट **www.mahasamund.gov.in** में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुन्द के कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जिला– महासमुन्द (छ0ग0)

विज्ञापन क्रमांक/एनएचएम/सं.नि./2025/4411 महासमुन्द, दिनॉकः 11/11/2025

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती
## जिला स्तरीय चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम–शर्ते

1. आवेदन पत्र/विज्ञापन के संबंध में :–

1.1 यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 कि अंतिम आदेश के अधीन होगा।

1.2 विज्ञापित पदों के भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते व दिशा–निर्देश एवं चयनित उम्मीदवारो की सूची तथा भर्ती संबंधी अन्य जानकारियां समय–समय में जिलें वेबसाइट www.mahasamund.gov.in में देखी जा सकती हैं।

1.3 **सभी अभ्यर्थी आवेदन पत्र स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक दिनॉक 28/11/2025 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महासमुन्द (छ.ग.) के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन प्राप्ति की निर्धारित तिथि 28/11/2025 व कार्यालयीन समय शाम 05.30 बजे के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

1.4 दस्तावेज सत्यापन के दौरान अगर किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रस्तुत मूल दस्तावेज में किसी भी प्रकार की भिन्नता/गलत पायी जाती है तो तत्काल आवेदन को निरस्त माना जावेगा, जिसका सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी एवं संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु अनुशंसा किया जावेंगा।

1.5 अभ्यर्थी मूल आवेदन करते समय स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करें।

1.6 अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य हैं, अभ्यर्थी का सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित जिले का मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

1.7 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही पूर्ण जानकारी भरेंगे। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रूटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रूटी अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

1.8 निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.9 मूल आवेदन के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

1.10 Community Health Officer (CHO) के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन पर अंकित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी (बीएससी नर्सिग/पोस्ट बेसिक नर्सिग के अंतिम वर्ष की अंकसूची में अंकित एग्रीगेट अंक को आवेदन में भरा जावे) विज्ञापन के नियमानुसार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

1.11 Community Health Officer (CHO) के पद पर ऐसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यक्रम ( B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यक्रम ( Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हे विज्ञापन में संलग्न Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर मूल आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.12 Community Health Officer (CHO) पद हेतु नर्सिंग काउसिलिग मे जीवित पंजीयन होना अनिवार्य हैं, छ.ग. नर्सिंग काउसलिंग मे जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा।

1.13 Community Health Officer (CHO) पद हेतु विज्ञापन में निर्धारित वेतनमान के अलावा कार्य प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह अधिकतम 15000.00 (राशि शब्दों में:–पन्द्रह हजार रूपयें) तक देय होगी।

## 2. चयन प्रक्रियाः–

2.1 चयन प्रकिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित हैः–

| क्र. | विवरण | पद नाम | कुल रिक्त पद | चयन प्रक्रिया हेतु अंक निर्धारित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नर्सिंग कैडर हेतु कौशल परीक्षा | ANM (RBSK) | 1 | 1. शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15/20 अंक ( एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक एवं मितानिन कार्य अनुभव का 20 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 2 | | Nursing Officer | 2 | |
| 3 | | Commnuity Health Officer | 29 | |
| 4 | | Staff Nurse (NBSU) | 2 | |
| 5 | | Staff Nurse (SNCU) | 4 | |
| 6 | | ANM | 2 | |
| 7 | | STAFF NURSE (UHWC) | 1 | |
| 8 | कौशल परीक्षा | MO -Ayush (RBSK) | 2 | 1. शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. साक्षात्कार/कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा। ) |
| 9 | | Pharmacists (RBSK) | 2 | |
| 10 | | Physiotherapist | 3 | |
| 11 | | Laboratory Technician | 3 | |
| 12 | | Dental Surgeons | 1 | |
| 13 | | RMA | 3 | |
| 14 | | Psychologist-Clinical | 5 | |
| 15 | | Radiographer | 2 | |
| 16 | कम्प्यूटर आधारित कौशल परीक्षा | Block Manager-Data | 1 | 1. शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. साक्षात्कार/कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा। ) |
| 17 | | Secretarial Assistant - NHM | 1 | |
| 18 | | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 2 | |
| 19 | | Jr. Secretarial Assistant (UHWC) | 4 | |
| 20 | | Jr. Secretarial Assistant (Block Level) | 1 | |
| 21 | मेरिट सूची के आधार पर | Class 4 (UHWC) | 3 | निर्धारित शैक्षाणिक योग्यता के 85 प्रतिशत अंक तथा अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा। ) जोडकर मेरिट अंक सूची के आधार पर चयन किया जावेगा। |

2.2 स्टॉफ नर्स(UHWC) पद चयन हेतु राज्य से प्राप्त हेतु निर्देशानुसार B.Sc.Nursing को प्रथम प्राथमिकता दी जावेंगी।

3. आरक्षण:–

3.1 संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जावेगा। छ0ग0 लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण ) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय समय पर लागू होगें।

3.2 तथा संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगे।

3.3 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस विषय पर छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

3.4 दिव्यांग आवेदको को छत्तीसगढ सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों मे आरक्षण के लिये पात्र होगें, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हो। जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहतें है, उन्हे सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.5 नर्सिंग कैडर के दिव्यांग पद हेतु केवल (OL) एक पैर दिव्यांग ही पात्र होंगे।

3.6 लैब टेक्नीशियन पद के दिव्यांग श्रेणी हेतु केवल (OL, HH) एक पैर दिव्यांग एवं श्रवण बाधित ही पात्र होंगे।

4. आयु सीमा :–

4.1 संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2025 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

4.2 Cummunity Health Officer(CHO) हेतु न्यूनतम आयु 21 से 35 वर्ष निर्धारित है, छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न वर्गो के सीधी भर्ती आयु–सीमा में छुट के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देश/आदेश/नियम(यथासंशोधित) लागू होंगे। किन्तु सभी छुट मिलाकर अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

4.3 कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आदेश क्रमांक/एनएचएम/2018/467/1325 नया रायपुर दिनॉक 28.07.2018 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका क्रमांक 16 के उप कण्डिका 16.5 में उल्लेखित अनुसार– ''विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी।

4.4 चयन प्रक्रिया हेतु अंको का निर्धारण विज्ञापन में संबंधित पद के सम्मुख उल्लेखित मापदण्ड अनुरूप किया जायेगा।

4.5 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 30 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जावेगा।

4.6 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

4.7 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी जानकारियॉ समय–समय पर जिले की वेबसाइट www.mahasamund.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी।

4.8 मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

4.9 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन/चयन अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

4.10 प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

| कमांक | कुल विज्ञापित पदो की संख्या | स्क्रीनिंग/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

4.11 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरियता प्रदान की जावेगी।

**5. संविदा अवधि /वेतन निर्धारण :–**

5.1 यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2026 तक के लिए की जावेगी ,कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्दि की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर0ओ0पी0 में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृध्दि की कार्यवाही की जावेगी।

5.2 संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

5.3 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी /कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

5.4 संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का सेवा वृध्दि हेतु **"वार्षिक कार्यमूल्यांकन"** नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

**6. अनुभव संबंधी नियम/शर्ते :–**

6.1 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जायेगा, जब अनुभव प्रमाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हो।

6.2 ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 के संविदा पदों में भर्ती हेतु मितानीन के रूप में कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु 20 अंक प्रदान किया जायेगा। मितानिन कार्य अनुभव प्रमाण पत्र **राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर** द्वारा ही जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

6.3 आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

6.4 अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटीपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा।

6.5 अनुभव आवेदित पद अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना चाहिये।

6.6 अवर सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का आदेश पत्र क्रमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 07 दिसंबर 2021 के तहत् कोरोना वैशविक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 6 माह तक सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदो पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जावेगा। उक्त संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किया जावेगा।

6.7 कोविड–19 में कार्य किये जाने का बोनस अंक का लाभ केवल उन्ही अभ्यर्थियो को दिया जावेगा जिनके द्वारा कोविड–19 में कार्य करने की नियुक्ति आदेश की प्रति एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया हो।

6.8 अनुभव में अंको की गणना वर्षो के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।

6.9 **प्रशिक्षण एवं निःशुल्क सेवा अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर अनुभव को मान्य नही किया जावेगा।**

**7. प्रतिक्षा सूचीः–**

7.1 विज्ञापित पदों के लिए प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता सूची प्रकाशन तिथि से न्यूनतम 1 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने (जो पहले हो) तक होगी।

7.2 प्रतिक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पदों के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत् अभ्यर्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

7.3 प्रतिक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृध्दि करने के लिये चयन समिति सक्षम रहेगा।

8. दस्तोवज सत्यापन :–

8.1 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जॉच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है, तो उन्हें अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।

8.2 मूल आवेदन के साथ समस्त वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान **दस्तावेज सत्यापन** के समय निम्न अभिलेखो के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है –

- आठवीं की अंकसूची।
- दसवीं की अंकसूची।
- बारहवीं की अंकसूची।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची।
- संबधित डिग्री।
- संबधित काउंसिल/मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र।
- मूल निवास प्रमाण पत्र।
- दिब्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
- अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (लागू हो तो)।
- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद हेतु इंटीग्रेटेड सर्टिफिकेट इन कम्यूनिटी हेल्थ प्रमाण पत्र।
- अन्य आवश्यक दस्तावेज (यदि लागू हो तो)।

(उपरोक्त कम अनुसार ही अभ्यर्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगें।)

9 अन्य नियम एवं शर्तेः–

9.1 संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रू. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा। अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

9.2 नियोक्ता के साथ करार पत्र (संविदा पत्र) निष्पादन करना अनिवार्य होगा।

9.3 विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा।

9.4 दावा आपत्ति आवेदन हेतु दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

9.5 दावा आपत्ति में मूल आवेदन प्राप्ति के अंतिम तिथि के पश्चात् जारी नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेंगा।

9.6 विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/टंकन आदि संबंधित त्रुटी सुधार किया जा सकेगा, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

9.7 नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

9.8 भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति को होगा।

9.9 आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है। विशेष कारणों से विज्ञापित पद अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

9.10 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

9.11 ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्ध्द शासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहिनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

10. आवेदन शुल्कः–

| वर्ग | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– तक | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– से अधिक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अजजा/महिला | 50 | 100 | |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 100 | 150 | |
| अनारक्षित | 150 | 200 | |

10.1 आवेदन शुल्क ''**DISTT.HEALTH SOCIETY-NON NRHM-FUND A/C MAHASAMUND**'' के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट मूल आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्य किसी नाम से बनाये गये बैंक डिमांड ड्राफ्ट मान्य नहीं किये जायेगें तथा ऐसे अभ्यर्थी को चयन हेतु अपात्र किया जायेगा।

10.2 बिना आवेदन शुल्क तथा निर्धारित राशि से कम राशि के आवेदन शुल्क वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।

10.3 आवेदन शुल्क के रूप में बैंक से प्राप्त बैंक पर्ची, डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा।

11. भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी ''मानव संसाधन नीति 2018'' एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा–निर्देश आदि मान्य होगें।

(सदस्य, चयन समिति)
जिला कार्यक्रम प्रबंधक
महासमुन्द

(सचिव, चयन समिति)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
एनएचएम महासमुन्द

(सदस्य, चयन समिति)
जिला नोडल अधिकारी(मान.स्वा)
महासमुन्द

(सदस्य, चयन समिति)
जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी
महासमुन्द

(अध्यक्ष, चयन समिति)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी. जिला पंचायत महासमुन्द

## Appendix-1

(Formate For Certification from Principal for Applying for **CHO**, NHM CG)

[For Candidates who shall be Passed in Final Examination of B.Sc. (Nursing)/Post Basic B.Sc. (Nursing) along with integrated Certificate course in Community Health (CCH)]

**College Letter Head**

# Certificate

This is to certify that Mr./Ms./Mrs.--------------------------------------- University enrollment number---------------------------------------------Son/Daughter/Wife of -----------------------------------------is a passed student of B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing course with intgrated curriculum of certificate in Community Health as per notification of University. He/She has passed in final examination of the course.

**Date :** ----------------------

**Authorized Signatory**

**Signature With Seal**

## ::आवेदन पत्र का प्रारूप::

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

नवीनतम
स्व हस्ताक्षरित
फोटो

1. आवेदित पद का नाम –..........................................................
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम –..........................................................
3. पिता/पति का नाम –..........................................................
4. जन्म तिथि –..........................................................
5. दिनांक 01.01.2025 को आयु –.............वर्ष.................माह..................दिन
6. संबंधित काउंसिल का नाम –..........................................................
   जीवित पंजीयन क्रमांक –..........................................................
7. मूल निवास जिला –..........................................................
   निवास प्रमाणपत्र संलग्न (हॉं/नहीं) –..........................................................
8. पत्र व्यवहार का पता –..........................................................
   –..........................................................
   –पिन..................................................
   दूरभाष/मो.न..............................................
   ई मेल पता..............................................
9. स्थायी पता –..........................................................
   –..........................................................
10. जाति (Gen./OBC/SC/ST) –..........................................................
11. वैवाहिक स्थिति –..........................................................
12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. यदि संबंधित क्षेत्र में कार्य का वांछित अनुभव हैं, तो निम्नलिखित विवरण देवें:–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव तिथि | | | नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक व दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनॉक से | दिनॉक तक | कुल वर्ष | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

क्रमशः......

15. क्या आप दिव्यांग (निःशक्त) हैं :–.......................................................................
यदि हॉ तो दिव्यांगता का प्रतिशत .......................................................................
एवं दिव्यांगता का प्रकार
(अस्थि/श्रवण/दृष्टि आदि)

16. दिव्यांग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी :–.......................................................................
द्वारा जारी प्रमाण पत्र का क्रमांक/दिनॉक
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

17. डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक...........................डिमाण्ड ड्राफ्ट जारी दिनांक.....................................राशि..........................
(मूल आवेदन के साथ डी.डी.की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है )

18. संलग्न सहपत्रः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1............................. | 2............................. | 3............................. | 4................. |
| 5............................. | 6............................. | 7............................. | 8................. |
| 9............................. | 10............................. | 11............................. | 12................ |

## //घोषणा पत्र//

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता/देती हूँ कि किसी भी स्तर पर जानकारी असत्य पाये जाने पर मुझे चयन/सेवा से वंचित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

स्थान ..........................................
दिनांक..........................................

आवेदक/आवेदिका
का हस्ताक्षर